उत्तराखण्ड शासन
परिवहन अनुभाग–1
संख्या–1009/ix-1/323/2012
देहरादूनः दिनांक 29 नवम्बर, 2012

अधिसूचना

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (यथा उत्तराखण्ड राज्य में प्रवृत्त) की धारा 21 के साथ पठित उत्तराखण्ड मोटर यान कराधान सुधार अधिनियम, 2003 (उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या–12 वर्ष 2003) की धारा 28 के अधीन राज्यपाल उत्तरांचल मोटर यान कराधान सुधार नियमावली, 2003 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते है।

उत्तराखण्ड मोटर यान कराधान सुधार (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2012

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1. (1) यह नियमावली उत्तराखण्ड मोटर यान कराधान सुधार (तृतीय संशोधन), नियमावली, 2012 कही जायेगी।

(2) यह उस दिनांक को प्रवृत्त होगी, जिसे राज्य सरकार गजट में अधिसूचना द्वारा नियत करें।

नियम 2 का संशोधन

2. उत्तरांचल मोटर यान कराधान सुधार नियमावली, 2003 में, जिसे आगे उक्त नियमावली कहा गया है, नियम 2 मे :–

(क) खण्ड (ख) को निकाल दिया जायेगा।

(ख) नीचे स्तम्भ 1 में दिये गये विद्यमान खण्ड (घ) एवं (ङ) के स्थान पर स्तम्भ 2 में दिये गये खण्ड रख दिये जायेंगे, अर्थात :–

स्तम्भ–1 विद्यमान खण्ड	स्तम्भ–2 एतदद्वारा प्रतिस्थापित खण्ड
(घ) "धारा" का तात्पर्य अधिनियम की धारा से है;	(घ) 'स्थानीय प्राधिकरण' का तात्पर्य नगर निगम, नगर पालिका, जिला पंचायत, कैंट बोर्ड, नगर क्षेत्र समिति और अधिसूचित क्षेत्र समिति से है;
(ङ) "अनुसूची" का तात्पर्य अधिनियम के साथ संलग्न अनुसूची से है;	(ङ) 'भुगतान प्रमाण पत्र' का तात्पर्य धारा–4 के अधीन कराधान अधिकारी द्वारा जारी किये जाने वाले कर भुगतान विवरण के किसी प्रमाण पत्र से है; (च) 'धारा' का तात्पर्य अधिनियम की धारा से है;

नियम 3 का संशोधन

3. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 3 के स्थान पर स्तम्भ–2 दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थातः–

	स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	3. कराधान अधिकारी – उत्तर प्रदेश मोटर यान नियमावली, 1998 (यथा उत्तराखण्ड में लागू) के अधीन निर्दिष्ट एवं उत्तराखण्ड राज्य में कार्यरत सम्भागीय परिवहन अधिकारी या सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी या यात्रीकर अधिकारी यथा स्थिति, अपने–अपने सम्भाग या उप सम्भाग की स्थानीय सीमाओं के भीतर कराधान अधिकारी होंगे।	**3. कराधान अधिकारी** – उत्तराखण्ड मोटर यान नियमावली, 2011 के अधीन या अन्यथा निर्दिष्ट एवं उत्तराखण्ड में कार्यरत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, या परिवहन कर अधिकारी–1 अपने–अपने उप सम्भाग या परिवहन चैक पोस्ट की स्थानीय सीमाओं के भीतर कराधान अधिकारी होंगे।

नियम 4 एवं 5 का निकाला जाना

4. उक्त नियमावली में नियम 4 एवं 5 को निकाल दिया जायेगा।

नियम 6 का संशोधन

5. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 6 के स्थान पर स्तम्भ–2 दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थातः–

	स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	6. प्रपत्रों की पूर्ति– इस नियमावली द्वारा विहित प्रपत्रों की प्रतियॉ किसी कराधान अधिकारी को आवेदन–पत्र देकर एवं निर्धारित धनराशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है अथवा विभाग की बेबसाइट पर उपलब्धता की दशा में फार्म को आवेदनकर्ता डाउनलोड कर स्वयं प्राप्त कर सकता है या निर्धारित प्रारूप को टंकित करवा सकता है।	**6. प्रपत्रों की पूर्ति**– इस नियमावली द्वारा विहित प्रपत्रों की प्रतियॉ किसी कराधान अधिकारी को प्रत्येक प्रति दस रूपये का भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है अथवा विभाग की बेबसाइट पर उपलब्धता की दशा में फार्म को आवेदनकर्ता डाउनलोड कर स्वयं प्राप्त कर सकता है या निर्धारित प्रारूप को टंकित करवा सकता है।

नियम 8 का संशोधन

6. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम–8 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थातः–

	स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	8. अतिरिक्त घोषणा– (1) प्रत्येक व्यक्ति जो धारा–14 के अधीन बढे	**8. अतिरिक्त घोषणा**– (1) प्रत्येक व्यक्ति जो धारा–14 के अधीन बढे हुये कर के भुगतान

हुये कर या अतिरिक्त कर के भुगतान का दायी हो जाता है, इस प्रकार दायी होने के 15 दिन के भीतर प्रपत्र "ख" में एक अतिरिक्त घोषणा पूर्ण करेगा, हस्ताक्षर करेगा और कराधान अधिकारी को देगा।

(2) प्रत्येक अतिरिक्त घोषणा के साथ मोटर यान के सम्बन्ध में जारी किया गया मूल रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र कराधान अधिकारी को प्रस्तुत करेगा।

का दायी हो जाता है, इस प्रकार दायी होने के 15 दिन के भीतर प्रपत्र "ख" में एक अतिरिक्त घोषणा पूर्ण करेगा, हस्ताक्षर करेगा और कराधान अधिकारी को देगा।

(2) प्रत्येक अतिरिक्त घोषणा के साथ मोटर यान के सम्बन्ध में जारी किया गया मूल रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र कराधान अधिकारी को प्रस्तुत करेगा।

नियम 9 का संशोधन

7. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम–9 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थातः–

स्तम्भ–1 विद्यमान खण्ड	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित खण्ड
9. कर के भुगतान की रीति– (1) कर या अतिरिक्त कर का भुगतान या तो कराधान अधिकारी को नकद किया जायेगा या सम्बन्धित जिले के किसी कोषागार में ट्रेजरी चालान के माध्यम से 0041–वाहन कर–102 राज्य मोटर यान कराधान अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्तियां–01 सकल प्राप्तियां शीर्षक के अधीन मोटर यान स्वामी या संचालक द्वारा जमा किया जायेगा और ऐसे भुगतान को प्रकट करने वाले यथास्थिति रसीद या ट्रेजरी चालान कराधान अधिकारी को प्रस्तुत किया जायेगा। परन्तु यह कि इस अधिनियम के अन्तर्गत देय कर या अतिरिक्त कर या अन्य शुल्क का भुगतान राज्य सरकार द्वारा अधिकृत बैंकों में ई–पेमेन्ट के माध्यम से नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड अथवा केडिट कार्ड के माध्यम से आनलाईन भी किया जा सकता हैं। (2) ऑन लाईन कर या अतिरिक्त कर या अन्य शुल्क के भुगतान हेतु	**9. कर के भुगतान की रीति**–(1) कर का भुगतान या तो कराधान अधिकारी को नकद किया जायेगा या सम्बन्धित जिले के किसी कोषागार में ट्रेजरी चालान के माध्यम से 0041–वाहन कर–102 राज्य मोटर यान कराधान अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्तियां–01 सकल प्राप्तियां शीर्षक के अधीन मोटर यान स्वामी या संचालक द्वारा जमा किया जायेगा और ऐसे भुगतान को प्रकट करने वाले यथास्थिति रसीद या ट्रेजरी चालान कराधान अधिकारी को प्रस्तुत किया जायेगा। परन्तु यह कि इस अधिनियम के अन्तर्गत देय कर या अन्य शुल्क का भुगतान राज्य सरकार द्वारा अधिकृत बैंकों में ई–पेमेन्ट के माध्यम से नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड अथवा केडिट कार्ड के माध्यम से आनलाईन भी किया जा सकता हैं। (2) ऑन लाईन कर या अन्य शुल्क के भुगतान हेतु प्रकिया का निर्धारण निदेशक कोषागार, राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र, भारतीय रिजर्व बैंक सम्बन्धित अधिकृत बैंक से विचार विमर्श के उपरान्त परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड द्वारा किया जायेगा। (3) राज्य सरकार अधिसूचना के माध्यम से कोई ऐसी तिथि निर्धारित कर सकती है।

	प्रक्रिया का निर्धारण निदेशक कोषागार, राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र, भारतीय रिजर्व बैंक सम्बन्धित अधिकृत बैंक से विचार विमर्श के उपरान्त परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड द्वारा किया जायेगा। (3) राज्य सरकार अधिसूचना के माध्यम से कोई ऐसी तिथि निर्धारित कर सकती है। जिसके पश्चात राज्य में पंजीकृत अथवा राज्य के बाहर से आने वाले वाहनों से कर या अतिरिक्त या अन्य शुल्क का भुगतान केवल ई–पेमेन्ट के माध्यम से किया जायेगा। (4) प्रत्येक व्यक्ति जिससे अधिनियम 7 के अधीन घोषणा या नियम 8 के अधीन अतिरिक्त घोषणा करने की अपेक्षा की जाती है मोटरयान पर देय कर अथवा अतिरिक्त कर का उसके सम्बन्ध में घोषणा प्रस्तुत करते समय भुगतान करेगा।	जिसके पश्चात राज्य में पंजीकृत अथवा राज्य के बाहर से आने वाले वाहनों से कर या अन्य शुल्क का भुगतान केवल ई–पेमेन्ट के माध्यम से किया जायेगा। (4) प्रत्येक व्यक्ति, जिससे अधिनियम 7 के अधीन घोषणा या नियम 8 के अधीन अतिरिक्त घोषणा करने की अपेक्षा की जाती है, ऐसी घोषणा प्रस्तुत करते समय मोटरयान पर देय कर का भुगतान करेगा और उसके पश्चात् समय–समय पर निर्धारित आवर्ती के अनुसार भुगतान करेगा।

नियम 9-क का संशोधन

8. उक्त नियमावली में नियम 9क में–

(क) नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान खण्ड (क), (ख) व (ग) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिये गये खण्ड रख दिये जायेंगे, अर्थातः–

स्तम्भ–1 विद्यमान खण्ड	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित खण्ड
9क(क) धारा 22(3) के अधीन यान को अभिग्रहीत और निरूद्ध करने वाला ऐसा अधिकारी जो इस नियमावली के नियम 25 के अन्तर्गत प्राधिकृत है, परिवहन आयुक्त के पास नीलामी के लिये निर्देश हेतु अध्यपेक्षा भेजेगा जिसमें यान का पूर्ण विवरण और नीलामी का दिनांक, समय और स्थान भी होगा। तत्पश्चात परिवहन आयुक्त खण्ड (ख) के अधीन गठित समिति के अध्यक्ष को खण्ड (ग) से (ङ) में विहित रीति से नीलामी की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के लिये निर्देश देगा। (ख) यान की नीलामी एक समिति	9क(क) यान को अभिग्रहीत और निरूद्ध करने वाला अधिकारी जो इस नियमावली के नियम 25 के अन्तर्गत प्राधिकृत है, परिवहन आयुक्त के पास नीलामी के लिये निर्देश हेतु अध्यपेक्षा भेजेगा, जिसमें यान का पूर्ण विवरण, सम्बन्धित यान के सभी आयामों से लिये गये फोटोग्राफ अथवा वीडियोग्राफी की प्रति यान के प्रति देय धनराशि एवं यान का न्यूनतम अवधारित मूल्य सहित यान के अभिग्रहण की तिथि और स्थान का भी उल्लेख होगा। अध्यपेक्षा भेजने से पूर्व यान के स्वामी को पंजीकृत डाक द्वारा नोटिस प्रारूप–'ग' में भेजी जायेगी, जिसकी एक प्रति वित्त पोषक, यदि कोई हो, को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जायेगी। तत्पश्चात

	द्वारा की जायेगी, जिसके निम्नलिखित होंगे–	परिवहन आयुक्त खण्ड (ख) के अधीन गठित समिति के अध्यक्ष को खण्ड (ग) से (ङ) में विहित रीति से नीलामी की कार्यवाहियॉ प्रारम्भ और पूर्ण करने के लिये निर्देश देगा।
	(एक) परिवहन आयुक्त द्वारा नामित अधिकारी.....अध्यक्ष	(ख) यान की नीलामी एक समिति द्वारा की जायेगी, जिसमें निम्नलिखित होंगे–
	(दो) सम्बन्धित सम्भाग को सम्भागीय परिवहन अधिकारी.....सदस्य	(एक) परिवहन आयुक्त द्वारा नामित अधिकारी. ..... अध्यक्ष
	(तीन) यान को अभिग्रहीत या निरूद्ध करने वाला अधिकारी.....सदस्य	(दो) सम्बन्धित सम्भाग का सम्भागीय परिवहन अधिकारी .....सदस्य
	(ग) नीलामी के लिये कम से कम एक सप्ताह की सूचना दी जायेगी। अध्यक्ष द्वारा नीलामी का विज्ञापन या तो उस क्षेत्र में व्यापक परिचालन वाले कम से कम दो समाचार पत्रों में नीलामी की सूचना को प्रकाशित करके या डोंडी पिटवा कर प्रचार द्वारा किया जायेगा। नीलामी की सूचना नीलामी स्थान पर प्रमुख रूप से प्रदर्शित की जायेगी।	(तीन) यान को अभिग्रहीत या निरूद्ध करने वाला अधिकारी.....सदस्य (ग) नीलामी के लिये कम से कम इक्कीस दिन की सूचना दी जायेगी। अध्यक्ष द्वारा नीलामी का विज्ञापन सम्बन्धी क्षेत्र में व्यापक परिचालन वाले कम से कम दो समाचार पत्रों में नीलामी की सूचना को प्रकाशित करके किया जायेगा। नीलामी की सूचना नीलामी स्थान पर प्रमुख रूप से प्रदर्शित की जायेगी।
नियम 9 क के खण्ड (ड.) का संशोधन	**(ख)** खण्ड (ङ) में:–	

(एक) नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान उपखण्ड (एक) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया उपखण्ड रख दिया जायेगा, अर्थात–

स्तम्भ–1 विद्यमान उपखण्ड	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपखण्ड
(ङ) (एक) केवल ऐसे व्यक्ति जिन्होने परिवहन आयुक्त द्वारा निर्धारित धनराशि अग्रिम जमा कर दी हो, नीलामी में बोली लगाने के हकदार होंगे।	(ङ) (एक) ऐसे व्यक्ति जिन्होने निम्नानुसार अग्रिम धन जमा कर दिया हो, नीलामी में बोली लगाने के हकदार होंगे– (अ) हल्के मोटरयान के लिये रू0 2,000/– (ब) मध्यम मोटरयान के लिये रू0 5,000/– (स) भारी मोटरयान के लिये रू0 10,000/–

(दो) नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान उपखण्ड (नौ) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया उपखण्ड रख दिया जायेगा, अर्थात–

स्तम्भ–1	स्तम्भ–2

विद्यमान उपखण्ड	एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपखण्ड
(ङ) (नौ) अनुमोदित क्रेता द्वारा बोली की धनराशि के अतिरिक्त अंतिम रूप से स्वीकृत मूल्य पर निर्धारित व्यापार कर जमा करने के पश्चात ही वाहन उसे हस्तगत किया जायेगा।	(ङ) (नौ) नीलाम क्रेता को बोली धन के अतिरिक्त कीमत पर मूल्य सवंर्धित कर जमा करना होगा।

(तीन) नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान उपखण्ड (बारह) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया उपखण्ड रख दिया जायेगा, अर्थातः–

स्तम्भ–1 विद्यमान उपखण्ड	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपखण्ड
(ङ) (बारह) किसी कर या शास्ति से समायोजित धनराशि को कोषागार में यथा स्थिति यान के स्वामी के नाम से जमा किया जायेगा और इस निमित्त कर शोधन प्रमाणपत्र सम्बन्धित कराधान अधिकारी के पास, यान को अभिग्रहीत और निरूद्ध करने वाले अधिकारी को सूचित करते हुये भेजा जायेगा।	(ङ) (बारह) किसी कर या शास्ति में समायोजित धनराशि को कोषागार में यथास्थिति, यान के स्वामी के नाम से, या उस व्यक्ति के नाम से, जिससे यान का अभिग्रहण किया गया है, जमा किया जायेगा और निक्षेप प्रमाणपत्र सम्बन्धित कराधान अधिकारी के पास भेजा जायेगा।

नियम 12 का संशोधन

9. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 12 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थातः–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
12. टोकन का जारी किया जाना– जब किसी परिवहन यान के सम्बन्ध में कर का भुगतान किया जा चुका हो, कराधान अधिकारी प्रपत्र ग–2 में अपने हस्ताक्षर से टोकन जारी करेगा।	**12. कर का भुगतान एवं भुगतान प्रमाण–पत्र का जारी किया जाना–** (1) कर के भुगतान तथा भुगतान प्रमाण पत्र जारी करने के लिये कराधान अधिकारी के समक्ष पूर्ण रूप से भरा हुआ प्रपत्र 'घ' प्रस्तुत किया जायेगा। (2) कराधान अधिकारी कर के भुगतान को अभिलिखित करते हुये वाहन स्वामी को यथास्थिति प्रारूप ''घ–1'' या प्रारूप ''घ–2'' या प्रारूप ''घ–3'' या प्रारूप ''घ–4'' में प्रमाण पत्र जारी करेगा। (3) कराधान अधिकारी द्वारा जारी इन प्रमाण पत्रों को परिवहन यान में जब वह चलाया जा रहा हो, रखा जायेगा और यथा स्थिति परिवहन यान के स्वामी या ड्राइवर का यह कर्तव्य होगा कि ऐसा प्रमाण पत्र मांगें जाने पर ऐसा करने के लिये सशक्त किसी प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत

करें।

(4) नियम 9 के अधीन ई–पेमेन्ट के माध्यम से ऑनलाईन किए गये भुगतान की रसीद को कर भुगतान प्रमाण–पत्र समझा जायेगा।

नियम 13 एवं 14 को हटाया जाना

10. उक्त नियमावली में नियम 13 एवं 14 को हटा दिया जायेगा।

नियम 15 का संशोधन

11. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 15 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थातः–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
15. टोकन की दूसरी प्रति जारी करना–(1) यदि इस नियमावली के अधीन जारी किया गया कोई टोकन खो जाता है तो परिवहन यान का स्वामी इस तथ्य की तत्काल सूचना तथा दूसरी प्रति के लिये आवेदन उस कराधान अधिकारी को करेगा, जिसने ऐसा टोकन जारी किया हो। (2) ऐसा कोई आवेदन प्राप्त होने पर कराधान अधिकारी आवेदन द्वारा पॉच रूपये का शुल्क भुगतान करने पर टोकन की एक दूसरी प्रति जारी करेगा और ऐसे टोकन की दूसरी प्रति पर लाल स्याही से शब्द ''दूसरी प्रति'' चिन्हित करेगा।	**15. प्रमाण पत्र की दूसरी प्रति जारी किया जाना**– (1) यदि नियम 12 के अधीन जारी किया गया कोई प्रमाण पत्र खो जाता है, नष्ट हो जाता है या अपठनीय हो जाता है, तो परिवहन यान का स्वामी इस तथ्य की सूचना तथा दूसरी प्रति के लिये आवेदन उस कराधान अधिकारी को करेगा जिसके द्वारा ऐसा प्रमाण पत्र जारी किया हो। (2) ऐसा कोई आवेदन पत्र प्राप्त होने पर कराधान अधिकारी आवेदक द्वारा पचास रूपये का शुल्क भुगतान किये जाने पर एक दूसरी प्रति जारी करेगा। ऐसी दूसरी प्रति पर स्याही से शब्द 'दूसरी प्रति' चिन्हित करेगा।

नियम 16 का हटाया जाना

12. उक्त नियमावली में, नियम 16 को हटा दिया जायेगा।

नियम 17 का संशोधन

13. उक्त नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम–17 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थातः–

स्तम्भ–1 विद्यमान उपनियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम
17. समय सारणी का दिया जाना–(1) प्रत्येक मंजिली गाडी का संचालक यान के कब्जा होने के सात दिन के भीतर कराधान अधिकारी को प्रपत्र 'ञ' में अपनी मंजिली गाड़ी के आगमन और	**17. समय सारणी का दिया जाना**–(1) प्रत्येक मंजिली गाडी का संचालक यान के कब्जा होने के सात दिन के भीतर कराधान अधिकारी को प्रपत्र 'ञ' में अपनी मंजिली गाड़ी के आगमन और प्रस्थान करने के समय को विनिमयमित करने वाली एक सारणी के

प्रस्थान करने के समय को विनिमयमित करने वाली एक सारणी के साथ एक तिमाही में की गयी एकल यात्राओं की संख्या और अपने कारोबार से सम्बन्धित ऐसे अन्य विवरण देगा जिनकी कराधान अधिकारी आदेश द्वारा समय समय पर अपेक्षा करें।

(2) प्रत्येक सम्भागीय परिवहन अधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वह यह सुनिश्चित करे कि यथास्थिति सम्बन्धित सम्भागीय परिवहन प्राधिकारी या राज्य परिवहन प्राधिकारी द्वारा मंजिली गाड़ी के आगमन और प्रस्थान और यात्रा की संख्या के सम्बन्ध में समय सारणी नियत कर दी जाय।

(3) प्रत्येक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुनिश्चत करेगा कि किसी मंजिली गाड़ी द्वारा जिसके सम्बन्ध में किसी विद्यमान मार्ग पर अथवा नव सृजित मार्ग पर परमिट स्वीकृत किया जाता है, संचालित किये जाने वाले दैनिक फेरों की संख्या, यथा स्थिति, सम्भागीय परिवहन अथवा राज्य परिवहन प्राधिकारी द्वारा परमिट स्वीकृत करते समय नियम कर दी जाय।

समय सारणी में परिवर्तन की प्रभावी तिथि, सम्भागीय/राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक में अनुमोदन की तिथि से मानी जाय तथा जिस तिथि को अनुमोदन किया गया हो उस माह की प्रथम तिथि से कर जमा कराया जाय। जहॉ यात्री कर अधिकारी तैनात है वहॉ समय सारणी में यात्री कर अधिकारी की आख्या अनिवार्य रूप से अंकित हो, जहॉ यात्रीकर अधिकारी तैनात नही है वहॉ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) की आख्या अंकित हो।

साथ एक कैलेण्डर माह में की गयी एकल यात्राओं की संख्या और अपने कारोबार से सम्बन्धित ऐसे अन्य विवरण देगा जिनकी कराधान अधिकारी आदेश द्वारा समय समय पर अपेक्षा करें।

(2) प्रत्येक सम्भागीय परिवहन अधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वह यह सुनिश्चित करे कि यथास्थिति, सम्बन्धित सम्भागीय परिवहन प्राधिकारी या राज्य परिवहन प्राधिकारी द्वारा मंजिली गाड़ी के आगमन और प्रस्थान और यात्रा की संख्या के सम्बन्ध में समय सारणी नियत कर दी जाय।

(3) प्रत्येक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुनिश्चत करेगा कि किसी मंजिली गाड़ी द्वारा, जिसके सम्बन्ध में किसी विद्यमान मार्ग पर अथवा नव सृजित मार्ग पर परमिट स्वीकृत किया जाता है, संचालित किये जाने वाले दैनिक फेरों की संख्या, यथा स्थिति, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण अथवा राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा परमिट स्वीकृत करते समय नियत कर दी जाय। समय सारणी में परिवर्तन की प्रभावी तिथि सम्भागीय/राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक में अनुमोदन की तिथि से मानी जाय तथा जिस तिथि को अनुमोदन किया गया हो उस माह की प्रथम तिथि से कर जमा किया जायेगा।

(4) जहॉ परिवहन कर अधिकारी–1 तैनात है, वहॉ समय सारणी में परिवहन कर अधिकारी–1 की आख्या अनिवार्य रूप से अंकित हो, जहॉ परिवहन कर अधिकारी–1 तैनात नही है वहॉ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) की आख्या अंकित हो।

(5) धारा 17 की उपधारा (3) के अधीन मंजिली गाड़ी की लॉग–बुक प्रपत्र 'ञ–1' में रखी जायेगी।

(6) यदि कराधान अधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि किसी वाहन द्वारा किसी माह में निर्धारित समय सारणी से अधिक दूरी तय की गयी है, तो वह उस अतिरिक्त संचालन के लिए कर निर्धारण करेगा और नियमावली में विहित व्यवस्था के

अनुसार उसकी वसूली की कार्यवाही करेगा।

नियम 18 का संशोधन

14. उक्त नियमावली के नियम 18 में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान उपनियम (3) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिये गये उपनियम रख दिये जायेंगे, अर्थात–

(3) उत्तरांचल में अधिकारिता युक्त प्राधिकारियों द्वारा पंजीकृत वाहनों अथवा जारी किये गये परमिटों पर निर्धारित तिथि तक देय कर जमा न करने की स्थिति में एक बार वाहन के पंजीकृत स्वामी की पंजीयन पुस्तिका में दिये गये पते पर मांग पत्र भेजा जाय अथवा स्वामी को अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि को अथवा चालक को प्राप्त करा दिया जाय। यदि वाहन स्वामी मांग पत्र में दी गयी समयावधि/तिथि के अंदर देय कर जमा नही करता है तथा उक्त वाहन को अभिग्रहीत निरूद्ध करना सम्भव नही है तो उसे जिलाधिकारी के माध्यम से भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूली पत्र जारी किया जाय तथा उसमें 25 प्रतिशत शास्ति सम्मिलित की जाय।	(3) कराधान अधिकारी धारा 9 की उपधारा (3) के अधीन किसी यान के सम्बन्ध में कर के बकाया और शास्ति हेतु यथा स्थिति वाहन स्वामी अथवा संचालक को प्रपत्र "ङ–1" में नोटिस भेजेगा। नोटिस की तामीली उपनियम (1) में विहित रीति से करायी जायेगी। (4) यदि वाहन स्वामी नोटिस में दी गयी समयावधि/तिथि के अंदर देय कर जमा नही करता है, तो उसे जिलाधिकारी के माध्यम से भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूली पत्र जारी किया जाय तथा उसमें देय धनराशि के बराबर शास्ति सम्मिलित की जाय।

नियम 19 का संशोधन

15. उक्त नियमावली में नियम 19 में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थातः–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
19. वाहन में परिवर्तन के कारण बढाये गये कर या अतिरिक्त कर का भुगतान– (1) जहॉ किसी मोटर यान को, जिसके सम्बन्ध में कर या अतिरिक्त कर का भुगतान किया जा चुका है, ऐसी रीति से परिवर्तित किया जाता है, जिससे कि मोटर यान ऐसा हो जाता है, जिसके सम्बन्ध में कर या अतिरिक्त कर की उच्चतर दर देय हो जाय, तो उसका स्वामी या संचालक ऐसा परिवर्तन करने के सात दिन के भीतर उसके परिवर्तन की प्रकृति और ब्यौरा दर्शाते हुये कराधान	**19. वाहन में परिवर्तन के कारण बढाये गये कर का भुगतान–** (1) जहॉ किसी मोटर यान को, जिसके सम्बन्ध में कर का भुगतान किया जा चुका है, ऐसी रीति से परिवर्तित किया जाता है, जिससे कि मोटर यान ऐसा हो जाता है, जिसके सम्बन्ध में कर की उच्चतर दर देय हो जाय, तो उसका स्वामी या संचालक ऐसा परिवर्तन करने के सात दिन के भीतर उसके परिवर्तन की प्रकृति और ब्यौरा दर्शाते हुये कराधान अधिकारी के समक्ष एक घोषणा करेगा। (2) ऐसे यान के सम्बन्ध में जिसे इस प्रकार परिवर्तित किया गया हो कि वह भुगतान किये गये कर से उच्चतर दर पर कर का दायी हो

अधिकारी के समक्ष एक घोषणा करेगा।

(2) ऐसे यान के सम्बन्ध में जिसे इस प्रकार परिवर्तन किया गया हो कि वह भुगतान किये गये कर से उच्चतर दर पर कर या अतिरिक्त कर का दायी हो गया हो, धारा 14 के अधीन देय कर या अतिरिक्त कर की संगणना निम्न प्रकार की जायेगीः–

"कराधान अधिकारी, इस प्रकार परिवर्तित किये गये यान पर उस अवधि के लिये जो यान के परिवर्तित किये जाने के दिनांक से प्रारम्भ होकर उस अवधि के अंतिम दिन को समाप्त होती है, जिसके लिये परिवर्तन के पूर्व कर या अतिरिक्त कर का भुगतान किया जा चुका हो, देय कर या अतिरिक्त कर को धनराशि का निर्धारण धारा 4 और धारा 6 के अनुसार इस प्रकार करेगा मानों कर या अतिरिक्त कर परिवर्तन के दिनांक को प्रथम बार देय हुआ हो। तब वह इस प्रकार निर्धारित कर में से पूर्व में जमा किये प्रत्येक मास के लिये जिसके सम्बन्ध में उसने उच्चतर दर पर कर निर्धारित किया है; परिवहन यान के सम्बन्ध में तिमाही कर अथवा अतिरिक्त कर के एक तिहाई और गैर परिवहन यान के सम्बन्ध में वार्षिक कर के बारहवें भाग के बराबर की धनराशि की कटौती करेगा।"

गया हो, धारा 14 के अधीन संदेय कर की संगणना निम्न प्रकार की जायेगीः–

"कराधान अधिकारी इस प्रकार परिवर्तित किये गये यान पर उस अवधि के लिये जो यान के परिवर्तित किये जाने के दिनांक से प्रारम्भ होकर उस अवधि के अंतिम दिन को समाप्त होती है, जिसके लिये परिवर्तन के पूर्व कर का भुगतान किया जा चुका हो, देय कर की धनराशि का निर्धारण धारा 4 के अनुसार इस प्रकार करेगा मानों कर परिवर्तन के दिनांक को प्रथम बार देय हुआ हो। वह ऐसे परिवर्तन के कारण प्रोद्भूत ऐसे परिवर्तन की तिथि से कर के भुगतान का दायी होगा।"

नियम 22 का संशोधन

16. उक्त नियमावली में नियम 22 में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थातः–

स्तम्भ–1 विद्यमान उपनियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम
22. किसी यान के अनुपयोग की दशा में प्रकिया– (1) जब किसी मोटरयान के स्वामी को एक मास	**22. किसी यान के अनुपयोग की दशा में प्रकिया–** (1) जब किसी मोटर यान के स्वामी को एक मास या अधिक की अवधि के लिये

या अधिक की अवधि के लिये अपने मोटर यान का उपयोग करने से प्रत्याहत करने का अवसर आता है, तो यान के सम्बन्ध में जारी किया गया रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र और टोकन यदि कोई हो, कराधान अधिकारी को प्रपत्र–च के भाग एक में घोषणा के साथ अवश्य अभ्यर्पित करना चाहिए, अन्यथा यह समझा जायेगा कि मोटरयान उपयोग में रहा है कराधान अधिकारी प्रपत्र–च के भाग–तीन को पूरा करेगा और इसे दावेदार को वापस करेगा और उसी समय इसके अभ्यर्पण का दिनांक रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण–पत्र में प्रविष्ट करेगाः

परन्तु किसी परिवहन यान की स्थिति में इससे सम्बन्धित परमिट और अतिरिक्त कर भुगतान प्रमाण पत्र भी इस उपनियम में उल्लिखित अन्य दस्तावेजों के साथ कराधान अधिकारी को अभ्यर्पित किया जायेगा। ये दस्तावेज उपनियम (3) में विहित रीति से स्वामी को जब वह यान को पुनः उपयोग में लाना चाहता हो वापस किये जायेंगे।

(2) अनुपयोग की सूचना के साथ दस रूपये की जो कराधान अधिकारी के कार्यालय में जमा किये जायेंगे, नकद रसीद होगी और स्वामी या उसके सम्यक रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा कराधान अधिकारी को प्रस्तुत की जायेगी।

(3) जब मोटरयान का स्वामी जिसने अपना रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र और टोकन अभ्यर्पित किया हो अपना मोटर यान पुनः उपयोग में लाना चाहता है, वह प्रपत्र च के भाग दो में एक आवेदन पत्र पूर्ण करेगा और हस्ताक्षर करेगा और इसे कराधान अधिकारी को प्रस्तुत अपने मोटर यान का उपयोग करने से प्रत्याहत करने का अवसर आता है, तो परिवहन यान से भिन्न मोटर यान के सम्बन्ध में रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र तथा परिवहन यान के सम्बन्ध में रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, कर प्रमाण पत्र, स्वस्थता प्रमाण पत्र, परमिट यदि कोई हो, कराधान अधिकारी के समक्ष प्रपत्र 'च' में अवश्य अभ्यर्पित किया जाना चाहिए अन्यथा यह समझा जायेगा कि मोटरयान उपयोग में रहा है। अभ्यर्पण की अवधि में यान को अपवादित परिस्थितियों में कराधान अधिकारी की पूर्व अनुमति के सिवाय, कराधान अधिकारी की क्षेत्रीय सीमा के बाहर नही खडा रखा जायेगा।

(2) अनुपयोग की सूचना के साथ दो सौ रूपये हल्के मोटर यान और पॉच सौ रूपये हल्के मोटर यान से भिन्न मोटर यान के सम्बन्ध में कराधान अधिकारी के कार्यालय में जमा किये जायेंगे, नकद रसीद स्वामी या उसके सम्यक रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा कराधान अधिकारी को प्रस्तुत की जायेगी।

(3) कराधान अधिकारी स्वयं का समाधान करने के पश्चात कि उसके समक्ष प्रस्तुत किया गया प्रपत्र 'च' पूर्ण रूप से भरा हुआ है, उप नियम (1) में यथा उल्लिखित दस्तावेज संलग्न है, तथा उपनियम (2) में विहित शुल्क जमा है, यान के दस्तावेजों के अभ्यर्पण को स्वीकार करेगा। कराधान अधिकारी प्रपत्र 'च' के भाग दो को पूरा करेगा और इसे प्रपत्र 'च' के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों में अभ्यर्पण का दिनांक अंकित करने के पश्चात दावेदार को वापस करेगा।

(4) कराधान अधिकारी किसी भी यान के अनुपयोग की सूचना को एक कैलेण्डर वर्ष में तीन कैलेण्डर माह से अधिक समय के लिये स्वीकृत नही करेगा। फिर भी यदि यान का स्वामी दो सौ रूपये या पॉच सौ रूपये, जैसी भी स्थिति हो शुल्क के साथ आवेदन करे तो कराधान अधिकारी की संस्तुति पर सम्बन्धित सम्भाग के सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा

करेगा। यदि मोटर यान के स्वामी ने उपनियम (1) के अधीन वापस किये गये प्रपत्र च का भाग तीन खो दिया हो, तो उस प्रभाव की एक घोषणा देने पर और पॉच रूपये के भुगतान पर उसे कराधान अधिकारी द्वारा एक नया सादा प्रपत्र च दिया जायेगा और मोटरयान का स्वामी उसके भाग दो को भरेगा। यदि अवधि जिसके लिये कर दिया गया था ऐसे आवेदन पत्र के दिनांक को समाप्त नही हुयी है, तो रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र और टोकन अतिरिक्त कर भुगतान प्रमाण पत्र के साथ रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण पत्र में वापसी के दिनांक की प्रविष्टि करने के पश्चात दावेदार को वापस कर दिया जायेगा। टोकन के नवीनीकरण के अन्य मामलें में प्रपत्र च के भाग तीन में एक आवेदन पत्र प्रपत्र घ में आवेदन पत्र के साथ होना चाहिए और देय कर यदि कोई हो, के भुगतान पर कराधान अधिकारी रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण पत्र वापस करेगा और नियम 13 के अधीन विनिर्दिष्ट रीति से टोकन जारी करेगा।

(4) ऐसे मोटर यान के सम्बन्ध में जिसे पुनः उपयोग में लाया जाता है, देय कर अथवा अतिरिक्त कर की गणना उस मास के पहले दिन से जिसमें स्वामी को रजिस्ट्रेशन का प्रमाण वापस किया गया हो, की जायेगी।

तीन कैलेण्डर मास से अधिक अवधि के लिये स्वीकृति दी जा सकती है। यदि ऐसा कोई यान अभ्यर्पण की स्वीकृति की अवधि बढाये बिना एक कैलेण्डर वर्ष में तीन कैलेण्डर मास से अधिक समय के लिये अभ्यर्पित रहता है तो इसे प्रतिसंहृत किया हुआ समझा जायेगा और यान का स्वामी कर का देनदार होगा।

(5) कराधान अधिकारी उपनियम (3) के अधीन यान के अनुपयोग के दस्तावेजों के अभ्यर्पण की स्वीकृति के कम में प्रपत्र "च–1" में अनुरक्षित रजिस्टर में प्रविष्टि करेगा और प्रत्येक प्रविष्टि पर हस्ताक्षर करेगा। कराधान अधिकारी प्रत्येक कैलेण्डर मास के अंतिम दिन ऐसे रजिस्टर की जॉच करेगा और उसमें की गयी अंतिम प्रविष्टि के नीचे हस्ताक्षर करेगा।

(6) प्रत्येक माह की समाप्ति पर कराधान अधिकारी द्वारा ऐसे यानों की जिनके सम्बन्ध में उपयोग न किये जाने के निमित्त दस्तावेजों के अभ्यर्पण की स्वीकृति प्रदान की गयी है और कैलेण्डर मास के दौरान उक्त रजिस्टर में प्रविष्टि की गयी है, एक सूची तैयार की जायेगी और उसे उप सम्भाग के समस्त प्रवर्तन अधिकारियों को उपलब्ध करायी जायेगी।

(7) कराधान अधिकारी अभ्यर्पणाधीन किसी मोटर यान का निरीक्षण स्वयं/या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी के माध्यम से कर सकता है और जब कभी यान का निरीक्षण किया जाय तो संक्षेप में उसके रिपोर्ट की प्रविष्टि उपनियम (5) में निदिष्ट रजिस्टर में की जायेगी।

(8) किसी अभ्यर्पित यान का स्वामी कराधान अधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के बिना अभ्यर्पण की अवधि में विनिर्दिष्ट स्थान से यान को नही हटायेगा। यान के स्वामी द्वारा एक सौ रूपये के शुल्क के साथ आवेदन करने पर संतुष्ट होने के पश्चात कराधान अधिकारी किसी नियत स्थान से यान को हटाने के लिये वाहन स्वामी को अनुमति दे सकता है तथापि किसी यान का स्वामी अप्रत्याशित परिस्थितियों यथा बाढ, आगजनी

या इसी प्रकार के मामलें में यान को हटा सकता है किन्तु वह इस प्रकार हटाये जाने के सम्बन्ध में सूचना कराधान अधिकारी को चौबीस घण्टे के भीतर देगा।

(9) उपनियम (4) के उपबन्ध के अध्यधीन किसी अभ्यर्पित यान, जिसके सम्बन्ध में उपयोग न किये जाने की सूचना की स्वीकृति पहले ही दे दी गयी है, का स्वामी किसी कैलेण्डर वर्ष में तीन कैलेण्डर माह से अधिक की अवधि के लिये कर का भुगतान करने का दायी होगा, चाहे अभ्यर्पित किये गये दस्तावेजों का कब्जा कराधान अधिकारी से प्राप्त कर लिया गया हो, या नही।

(10) जब मोटर यान का स्वामी अपने मोटर यान को पुनः उपयोग में लाना चाहता है, वह प्रपत्र ''च–2'' में एक आवेदन करेगा और एक सौ रूपये के शुल्क के साथ इसे कराधान अधिकारी को प्रस्तुत करेगा। यदि अभ्यर्पित यान के स्वामी ने उपनियम (1) के अधीन उसे वापस किये गये प्रपत्र 'च' के भाग दो को खो दिया हो, तो वह इस आशय की घोषणा के साथ सूचित करेगा। यदि ऐसी अवधि जिसके लिये कर का भुगतान किया गया हो, ऐसे आवेदन के दिनांक को समाप्त न हुयी हो, तो दस्तावेजों और अभ्यर्पण पंजी में वापसी के दिनांक की प्रविष्टि करने के पश्चात अभ्यर्पित किये गये समस्त दस्तावेजों को दावेदार को वापस कर दिया जायेगा। अन्य मामलों में प्रपत्र ''च–2'' में दस्तावेजों की वापसी हेतु किसी आवेदन पत्र के साथ देय कर यदि कोई हो, के भुगतान हेतु प्रपत्र 'घ' में कोई आवेदन अवश्य संलग्न किया जाना चाहिए, कराधान अधिकारी उक्त रीति से कर के भुगतान के पश्चात दस्तावेजों को वापस कर देगा। किसी परिवहन यान के सम्बन्ध में अभ्यर्पित दस्तावेजों को वापस करने से पूर्व कराधान अधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि यान की दुरूस्तता और परमिट यदि कोई हो, विधिमान्य है और यदि ऐसा नही है तो वह दस्तावेजों को विधिमान्य करने के लिये आवश्यक कार्यवाही करने हेतु स्वामी को लिखित अनुदेश देगा।

नियम 22ख का बढाया जाना

17. उक्त नियमावली में, नियम 22 क के पश्चात निम्नलिखित नियम बढा दिया जायेगा, अर्थात–

22ख. अस्तित्व विहीन यानों के सम्बन्ध में कर का परिहार करने की प्रकिया– जब किसी यान का स्वामी कराधान अधिकारी को सूचित करें कि उसके यान की चोरी हो गयी है, नष्ट हो गया है, स्थायी रूप से उपयोग के योग्य नही रह गया है या स्थायी रूप से राज्य से बाहर अन्तरित हो गया है या कराधान अधिकारी अन्य किसी कारण से यान के अस्तित्व में न होने के सम्बन्ध में संतुष्ट है तो वह ऐसी जॉच पडताल करने एवं ऐसी प्रकिया, जिसे परिवहन आयुक्त द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेश में निर्धारित किया जाय, अपनाने के पश्चात, अभिलेखों में विद्यमान कर जब से यान की चोरी हो गयी है, नष्ट हो गया है, स्थायी रूप से उपयोग के योग्य नही रह गया है या स्थायी रूप से राज्य से बाहर अन्तरित हो गया है, के बकाये के भुगतान से या शास्ति से यान के स्वामी को मुक्त कर सकता है या उसका परिहार कर सकता है:

परन्तु यदि यान, जिसके सम्बन्ध में कर का परिहार किया गया हो, अस्तित्व में पाया जाय तो यथास्थिति बकाया कर, एवं शास्ति को उक्त यान स्वामी से उसी प्रकार वसूल किया जा सकता है जिस प्रकार छूट प्राप्ति या परिहार न किये जाने की स्थिति में वसूल किये जाने योग्य होता।

नियम 24 का संशोधन

18. उक्त नियमावली में, नियम 24 में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
24. कर और अतिरिक्त कर के विलम्ब से भुगतान के लिये शास्ति– (1) उत्तरांचल में अधिकारितायुक्त प्राधिकारियों द्वारा पंजीकृत वाहनों अथवा जारी किये गये परमिटों पर आच्छादित वाहनों द्वारा जहॉ धारा 9 की उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर मोटर यान के सम्बन्ध में कर या अतिरिक्त कर का भुगतान नही किया जाता है, वहॉ देय कर या अतिरिक्त कर के अतिरिक्त यथास्थिति देय कर या अतिरिक्त कर के 25 प्रतिशत से अनधिक निम्नलिखित दर पर शास्ति भी देय होगी– (एक) जहॉ धारा 4 की उपधारा (1) के अधीन देय कर के भुगतान में विलम्ब हुआ हो, वहॉ शास्ति	**24. कर के विलम्ब से भुगतान के लिये शास्ति–** जहॉ धारा 9 की उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर किसी मोटर यान के सम्बन्ध में कर का भुगतान नही किया जाता है, वहॉ प्रति माह देय कर के पॉच प्रतिशत की दर से शास्ति या उसका आंशिक भाग संदेय होगा परन्तु जहॉ स्वामी या संचालक किसी प्राकृतिक आपदा, दंगा, अग्निकाण्ड, दुर्घटना, बीमारी या ऐसे अन्य कारणों से समय से कर जमा न कर सका हो, वहॉ कराधान अधिकारी, कारणों को अभिलिखित करते हुये धारा 9 की उपधारा (3) के अधीन अधिरोपित शास्ति के पचहत्तर प्रतिशत तक शास्ति को छोड या कम कर सकेगा। (2) उप नियम (1) में वर्णित स्थिति के रहते हुये भी जहॉ उत्तराखण्ड में अधिकारिता युक्त प्राधिकारियों द्वारा पंजीकृत वाहनों अथवा

दुपहिया वाहन के सम्बन्ध में प्रति सप्ताह या उसके भाग के लिये दो रूपये और दुपहिया वाहनों से भिन्न यानों के सम्बन्ध में प्रति सप्ताह उसके किसी भाग के लिये पॉच रूपये होगी।

(दो) जहॉ धारा 4 की उपधारा (2) के अधीन देय कर के भुगतान में विलम्ब हुआ हो, वहॉ शास्ति प्रति सप्ताह या उसके भाग के लिये पन्द्रह रूपये होगी।

(तीन) जहॉ धारा 5 या धारा 6 के अधीन देय अतिरिक्त कर के भुगतान में विलम्ब हुआ हो, वहॉ शास्ति प्रति सप्ताह या उसके भाग के लिये बीस रूपये होगी।

(2) उप नियम (1) में वर्णित स्थिति के रहते हुये भी जहॉ उत्तरांचल में अधिकारितायुक्त प्राधिकारियों द्वारा पंजीकृत वाहनों अथवा जारी किये गये परमिटों पर आच्छादित यदि किसी वाहन का चालान परिवहन विभाग के किसी अधिकारी द्वारा कर या अतिरिक्त कर जमा न करने के अपराध में किया जाता है तो उस दशा में देय कर या अतिरिक्त कर के अतिरिक्त देय धनराशि पर 25 प्रतिशत की दर से शास्ति भी देय होगी।

(3) उत्तरांचल से बाहर की अधिकारिता के प्राधिकारी द्वारा जारी अस्थायी/स्थायी परमिट पर वाहनों के उत्तरांचल राज्य में बिना कर दिये संचालित पाये जाने पर या बिना परमिट उत्तरांचल में प्रवेश कर संचालित पाये जाने पर या उत्तरांचल राज्य के अथवा बाहर के किसी भो निजी वाहन/प्राइवेट सर्विस वाहनों के व्यवसायिक वाहनों के रूप में संचालित होना पाये जाने पर ऐसे वाहन अधिनियम की धारा 10 के अन्तर्गत प्रावधानित कर, जारी किये गये परमिटों पर आच्छादित यदि किसी वाहन का चालान परिवहन विभाग के किसी अधिकारी द्वारा कर जमा न करने के अपराध में किया जाता है तो उस दशा में देय कर की धनराशि के बराबर शास्ति भी देय होगी।

